# गूगल सेफ्टी इंजीनियरिंग सेंटर

**स्रोत: द हिंदू**

**हैदराबाद में भारत का भारत का पहला गूगल सेफ्टी इंजीनियरिंग सेंटर (GSEC) स्थापित किया जाएगा** , जो देश के साइबर सुरक्षा परिदृश्य में भूमिका निभाएगा।

- GSEC, हैदराबाद, **एशिया-प्रशांत क्षेत्र में अपनी तरह का पहला और विश्व स्तर पर पाँचवाँ केंद्र होगा,** इसी प्रकार का **केंद्र डबलिन, म्यूनिख और मलागा** में स्थित है।
- GSEC भारत की अद्वितीय साइबर सुरक्षा चुनौतियों का समाधान करते हुए उन्नत अनुसंधान, **कृत्रिम बुद्धिमत्ता (AI)**- संचालित सुरक्षा समाधान और कौशल विकास में विशेषज्ञता हासिल करेगा।
  - इस परियोजना से हैदराबाद और तेलंगाना में **प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से हज़ारों रोज़गार** के अवसर उत्पन्न होने की उम्मीद है।
- गूगल और तेलंगाना राज्य सरकार शिक्षा, स्टार्टअप और स्मार्ट सिटी पहल में सहयोग की संभावनाएँ तलाश रही हैं।
- हैदराबाद पहले से ही पाँच प्रमुख प्रौद्योगिकी कंपनियों **अल्फाबेट (गूगल), माइक्रोसॉफ्ट, एप्पल, अमेज़न और मेटा** का केंद्र है।
  - तेलंगाना ने वर्ष 2022-23 के दौरान 1,800 से अधिक स्टार्टअप पंजीकृत और इनक्यूबेशन के माध्यम से 550 से अधिक स्टार्टअप को समर्थन प्रदान किया है।
- **टी-हब (T-Hub) ने टी वर्क्स (T Works)** (हैदराबाद में भारत का सबसे बड़ा प्रोटोटाइपिंग केंद्र)जैसी पहलों के साथ मिलकर **डीप टेक** (**Deep Tech**) और विनिर्माण स्टार्टअप्स में वृद्धि को उत्प्रेरित किया है, जिससे हैदराबाद भारत के स्टार्टअप परिदृश्य में एक प्रमुख केंद्र के रूप में स्थापित हुआ है।

**और पढ़ें:** स्टार्टअप की संवृद्धि: भारत के विकास को बढ़ावा

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/google-safety-engineering-centre-in-hyderabad